कोटा के जोरावरपुरा में प्रशासन गांवों के संग अभियान

कोटा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आमजन को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले और उनकी समस्याओं का पूरी संवेदनशीलता के साथ घर के नजदीक ही निराकरण हो, इसी सोच के साथ प्रशासन गांवों के संग अभियान शुरू किया गया है। अभियान में शिविरों के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि कोई भी नागरिक योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे।

मुख्यमंत्री बुधवार को कोटा जिले की इटावा पंचायत समिति के जोरावरपुरा गांव में प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। जोरावरपुरा के जिस शिविर में मुख्यमंत्री मौजूद रहे, वहां आज 1135 आवासीय पट्टे जारी किए गए। इस अवसर पर श्री गहलोत ने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर पात्र नागरिक को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिले। साथ ही प्रदेश के हर क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान में 22 विभागों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य किए जा रहे हैं, जिससे आमजन की लम्बित समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है। अभियान में प्रदेशभर में 6 हजार 952 नामांतरण खोले जा चुके हैं। राजस्व खातों में शुद्धिकरण के 5 लाख 60 हजार 500 से अधिक मामले निपटाये गए हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में कोई भी पात्र व्यक्ति न छूटे, इस लक्ष्य के साथ अधिकारियों द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में 80 लाख नागरिकों को विभिन्न पेंशन योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 5 लाख रूपये तक का कैशलेस उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। इससे लोग इलाज में लगने वाले भारी-भरकम खर्च की चिंता से मुक्त हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जनहित में कोई भी कदम उठाने से सरकार पीछे नहीं हटेगी। मंगलवार को ही कैबिनेट बैठक में पैट्रोल-डीजल पर वैट में कमी कर आमजन को राहत दी गई है।

शिक्षा को विकास की धुरी बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में राजस्थान आधुनिक शिक्षा के मामले में देशभर में अग्रणी राज्य होगा। सरकार द्वारा 123 नये कॉलेज खोले गए हैं, जिनमें 33 महिला कॉलेज हैं। इतना ही नहीं किसी भी सरकारी विद्यालय की उच्च माध्यमिक कक्षाओं में लड़कियों का नामांकन 500 होगा तो उसे कॉलेज में क्रमोन्नत कर दिया जायेगा। अंग्रेजी की महत्ता को देखते हुए

सरकार अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खोल रही है, जिससे युवाओं को आधुनिक शिक्षा के साथ उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कृतसंकल्पित है। सभी विभागों को कार्मिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने कोटा जिले में कराये गये विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि सभी क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास कर सड़क, विद्युत, सिंचाई परियोजनाएं समय पर पूरी करना सरकार की प्राथमिकताओं में हैं।

शिक्षा राज्यमंत्री गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान साबित हो रहा है। लाखों लोगों को घर बैठे योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की चर्चा करते हुए कहा कि कोरोना जैसी महामारी के दौरान भी सरकार ने आम नागरिकों को राहत देने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

पीपल्दा विधायक रामनारायण मीणा ने क्षेत्र में विकास कार्यों से आये परिवर्तन की चर्चा करते हुए कहा कि यह क्षेत्र आज विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रशासन गांवों के संग अभियान को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे ग्रामीणों को पट्टों के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं राजस्व विभाग की योजनाओं का लाभ बड़े स्तर पर मिल रहा है।

मुख्यमंत्री की सहदयता से छलक पड़े खुशी के आंसू

शिविर में मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए। उन्होंने दिव्यांग महिला श्रीमती मंजूबाई को व्हील चेयर प्रदान की और उसे शिविर में व्हील चेयर पर घुमाकर व्हील चेयर की उपयोगिता बताई। शिविर में श्री गहलोत जब सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की स्टॉल पर पहुंचे तो जोरावरपुरा निवासी मंजूबाई मीणा व्हील चेयर के पास बैठी हुई थी। उसका चयन विभाग द्वारा निशुल्क सहायक उपकरण वितरण के लिए किया गया था। मुख्यमंत्री ने मंजू को व्हील चेयर प्रदान कर उसकी पारिवारिक स्थिति एवं दिव्यांगता के बारे में जानकारी ली तो मंजू ने बताया कि 8 वर्ष की आयु के दौरान वह पोलियोग्रस्त हो गई थी। उसे सरकार द्वारा पहले से ट्राई-साइकिल दी हुई है लेकिन शारीरिक कमजोरी के कारण उससे चलने-फिरने में परेशानी आती है।

मुख्यमंत्री ने सहृदयता दिखाते हुए उसे नई व्हील चेयर प्रदान कर उसकी उपयोगिता के बारे में बताया तो मंजू ने जानकारी का अभाव बताया। मुख्यमंत्री ने मंजू को व्हील चेयर पर बैठाकर परिजनों की भांति शिविर में घुमाया तो उसकी आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े। प्रदेश के मुखिया की इस प्रकार की आत्मीयता देखकर पांडाल में उपस्थित नागरिकों ने भी प्रशंसा की और आमजन के प्रति मुख्यमंत्री के लगाव को अतुलनीय बताया।

शिविर में मुख्यमंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर जोरावरपुरा से खड़ीला वाया कोल्हूखेड़ा सड़क मार्ग निर्माण के लिए 5.50 करोड़ रूपए की घोषणा की। इससे राजस्थान व मध्यप्रदेश के समीपवर्ती गांवों तक आवागमन सुगम होगा। राजस्थान के कोलूखेड़ा एवं मध्यप्रदेश के बाजली, सिंदरा गांवों का सीधा जुड़ाव होगा। उन्होंने ग्राम जोरावरपुरा के उप स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने शिविर में पीपल्दा तहसील कार्यालय के नवीन

भवन का लोकार्पण किया तथा नगरपालिका क्षेत्र इटावा में अम्बेडकर सर्किल से सूखनी नदी तक बनने वाले सीसी सड़क के कार्य का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर खण्डार विधायक अशोक बैरवा, बारां विधायक पानाचंद मेघवाल, मध्य प्रदेश के श्योपुर विधायक बाबूलाल झंडेल, पूर्व विधायक पूनम गोयल, पूर्व विधायक घासीलाल मेघवाल, पूर्व अध्यक्ष यूआईटी रविन्द्र त्यागी, पूर्व प्रधान सरोज मीणा, पंकज मेहता, नईमुद्दीन गुड्डू, अमित धारीवाल, कैथून नगरपालिका अध्यक्ष आईना महक सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।संभागीय आयुक्त श्री कैलाश चन्द मीणा, पुलिस महानिरीक्षक रविदत्त गौड़, जिला कलक्टर उज्ज्वल राठौड़, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कविन्द्र सिंह सागर आदि अधिकारी भी मौजूद रहे।
Attachments area